दिन– शनिवार दिनांक– 13/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज एक दिवसीय दौरे पर पटना में हैं। श्री नड्डा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी की कोर कमिटी के साथ बैठक करेंगे। वे विधानसभा चुनाव की रणनीति और अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। श्री नड्डा का पार्टी के डिजिटल चुनाव अभियान को लेकर एक समीक्षा बैठक करने का भी कार्यक्रम है। इधर, आज पटना पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री नड्डा का भव्य स्वागत किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सत्रह सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि इस दौरान पूरे राज्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान, जल चौपाल और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिये गए हैं।

———————————————————————

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सिफ़ारिश पर संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया है। उन्होंने अगले साल पांच मार्च को संसदीय चुनावों की घोषणा की है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने कल रात अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं।

———————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यू.पी.आई. पर व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव पन्द्रह सितंबर से लागू होगा। खरीदारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। हालांकि व्यक्ति–से–व्यक्ति हस्तांतरण के लिए सीमा एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी हुई है।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा हो रहा है। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र की मुरारपुर पंचायत की मुखिया के पति के सरिसवां गांव स्थित आवास पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि छापेमारी में पांच देशी पिस्तौल, एक कार्रबाईन, एक सिक्सर और दो राईफल बरामद की गयी है। उन्होंने बताया कि मौके से पांच गाड़ियों को जब्त किया गया, जिसका मूल्य दो करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुखिया के पति कमरूद्दीन पर जिले के कई थाने में हत्या, लूट और डकैती के मामले दर्ज हैं। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गयी। परीक्षा का आयोजन सैंतीस जिलों के नौ सौ बारह केंद्रों पर हुआ था।

———————————————————————————

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चंपारण जिले के सिकटा में सबसे अधिक छियासठ दशमवल आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के जयगनर रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एसएसबी की मदद से सघन सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि इस दौरान कोई विस्फोटक बरामद नहीं हुआ।

————————————————————————————

अररिया जिले की साइबर पुलिस ने गरैया चिकनी थाना क्षेत्र से तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।